मध्य रेल, नागपुर मंडल

अंक : 05/2024-25

# ई-टी.आर.ओ. दर्पण

अगस्त-2024 हमारा ध्येय: संरक्षा, सुरक्षा व समयपालनता

**जब तक जीवन है तब तक सीखते रहो, क्योंकि अनुभव ही सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।**


**प्रेरणास्रोत**
**श्री एन. पी. सिंह**
प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर
मध्य रेल, मुंबई

**संरक्षक**
**श्री मनीष अग्रवाल**
मण्डल रेल प्रबन्धक
मध्य रेल, नागपुर

**मार्गदर्शक**
**श्री एच.एम. शर्मा**
मुख्य बिजली इंजीनियर (परि)
मध्य रेल, मुंबई

**मार्गदर्शक**
**श्री अनंत सदाशिव**
मुख्य बिजली लोको इंजीनियर
मध्य रेल, मुंबई

**निर्देशन**
**श्री निखिल सिंह**
वरि. मं. वि. इंजी. (परि.)
**श्री पवन कुमार**
मं. वि. इंजी. (परि.)
मध्य रेल, नागपुर

**संकलनकर्ता**
**व्ही. के. गुप्ता**
चालक प्रशिक्षक, नागपुर
9503012046


## विशेष आकर्षण


- संदेश
- WAG-12 लोको पर लगे सैफ्टी फिटिंगस
- केस स्टडी


**WAG-12 लोको लोकेशन विशेषांक**



मंडल कार्यालय
टी.आर.ओ. विभाग
मध्य रेल, नागपुर
E-mail : srdeetrongp@gmail.com

## संदेश

इस माह के "ई-टी.आर.ओ. दर्पण" में **WAG-12** लोकोमोटिव के अन्डर ट्रक में लगे सैफ्टी फिटिंगस तथा न्यूमेटिक पैनल पर लगे वाल्व, कट आउट कॉक, न्यूमेटिक प्रेशर स्विचेस आदि को उसके नाम **(Nomenclature)** के साथ दर्शाया गया है। जो निश्चय ही आपके लिए उपयोगी साबित होगा। अन्डर ट्रक तथा न्यूमेटिक पैनल पर वाल्व, कट आउट कॉक आदि के नाम संबंधित संदेहों का भी निराकरण करने में अवश्य सहायक सिद्ध होगा ।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि पत्रिका में दिए जानकारी **WAG-12** लोकोमोटिव के चालन कुशलता में गुणात्मक सुधार एवं सहायक सिद्ध होगा।

दि :18.08.2024

(निखिल सिंह)
वरि.मं.वि.इंजी.(परि.)/नागपुर

# स्वतन्त्रता दिवस की झांकी

## टी आर ओ विभाग



TRIP SHED, AJNI



DTC, AJNI





AMF LOBBY, AJNI ’ LOBBY, AJNI



Independence Day Celebration at Running Room BPQ



TEGAON



TRO IN NEWS

# नागपुर मंडल में क्रू बुकिंग लॉबी

## ट्रेन संचालन में चौबीसों घंटे संरक्षा और दक्षता सुनिश्चित होगी



संवाददाता

**नागपुर।** मध्य रेल के नागपुर मंडल ने अपनी नेटवर्क के ट्रेन संचालन की संरक्षा और दक्षता सुनिश्चित करने के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता दिखाई है। इस प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा नागपुर, बल्लारशाह और आमला में स्थित क्रू बुकिंग लॉबी का २४७ संचालन है, जो निर्बाध ट्रेन सेवाओं को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

लोको पायलट और सहायक लोको पायलट जैसे ट्रेन क्रू का कार्य अत्यधिक चुनौतीपूर्ण होता है, क्योंकि इसमें अनियमित कार्य समय और जिम्मेदारियों की प्रकृति शामिल होती है। उन्हें समर्थन देने के लिए, रेलवे एक स्पष्ट कार्यकाल चक्र और आउटस्टेशनों और मुख्यालयों पर पर्याप्त आराम समय सुनिश्चित करता है। चल रहे कर्मचारियों को केवल यह सुनिश्चित करने के बाद ड्यूटी के लिए बुक किया जाता है कि उन्होंने पर्याप्त आराम किया है और सुरक्षित ट्रेन संचालन के लिए आवश्यक सभी अनिवार्य प्रशिक्षण और संरक्षा आवश्यकताओं को पूरा किया है।

पारदर्शी क्रू प्रबंधन प्रणाली (सीएमएस)

नागपुर मंडल में सभी ट्रेन क्रू की बुकिंग क्रू मैनेजमेंट सिस्टम (सीएमएस) के माध्यम से की जाती है, जो रेलवे बोर्ड द्वारा विकसित एक सॉफ्टवेयर है।

नागपुर और बल्लारशाह की क्रू बुकिंग लॉबी में वातानुकूलित सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो क्रू के लिए एक आरामदायक वातावरण सुनिश्चित करती हैं। अतिरिक्त विश्राम कक्ष भी उपलब्ध हैं, जिससे ट्रेन संचालन में देरी के दौरान क्रू सदस्य आराम कर सकते हैं। निरंतर सीखने और कौशल वृद्धि की सुविधा के लिए, लॉबी में इंटरैक्टिव टच-आधारित कंसोल और सिम्युलेटर-आधारित आरएस फ्लैप वाल्व कार्य मॉडल उपलब्ध हैं। ये उपकरण क्रू को अपने ज्ञान को अद्यतन करने और आपातकालीन ब्रेकिंग प्रक्रियाओं का अभ्यास करने की अनुमति देते हैं।इसके अलावा, लॉबी में आरओ पेयजल और पुरुष और महिला क्रू सदस्यों के लिए अलग-अलग शौचालय सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे एक स्वच्छ और आरामदायक प्रवास सुनिश्चित होता है। मध्य रेल का नागपुर मंडल अपने क्रू को सर्वोत्तम सुविधाएं और सुरक्षित कार्य वातावरण प्रदान करने के लिए समर्पित है।

## आमला स्टेशन पर रेल सुरक्षा संगोष्ठी आयोजित



संवाददाता

**नागपुर।** मध्य रेल के नागपुर मंडल ने आमला स्टेशन पर एक महत्वपूर्ण संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में एसपीएडी रोकथाम, मानसून संबंधी सावधानियां, सुरक्षित ट्रेन संचालन आदि जैसे महत्वपूर्ण विषय पर ध्यान केंद्रित किया गया। मंडल के कई प्रमुख अधिकारियों ने संगोष्ठी के दौरान सभा को संबोधित किया और अपने विचार साझा किए। इनमें सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी, लोको संरक्षा परामर्शदाता और मुख्य लोको निरीक्षक आमला और स्टेशन प्रबंधक आमला शामिल थे।

संगोष्ठी में रेल संरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया, जिसमें एसपीएडी की रोकथाम, शंटिंग के दौरान सावधानियां और असामान्यताएं, आरसीएम/डीसीएम के दौरान [illegible]चार परीक्षण की प्रक्रिया, लोड स्थिर और शंटिंग की प्रक्रिया, ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट फेल होने के दौरान प्राधिकरण जारी करने की प्रक्रिया, स्वचालित ब्लॉक सेक्शन की प्रक्रिया, कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान व्यक्तिगत संरक्षा और इस मंडल के साथ-साथ अन्य रेल से हाल की घटनाओं के केस स्टडीज पर गहन चर्चा की गई। सेमिनार में कुल ४० रेल कर्मचारी शामिल हुए, जिन्होंने किसी भी संदेह या चिंता को स्पष्ट करने के लिए अंत में आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया। मध्य रेल का नागपुर मंडल नियमित रूप से अपने कर्मचारियों के बीच जागरूकता बढ़ाने और सर्वोत्तम प्रथाओं को सुदृढ़ करने के लिए इस तरह के संरक्षा सेमिनार और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। रेल परिचालन में उच्चतम स्तर की संरक्षा सुनिश्चित करना मंडल की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**DRM Nagpur , CR**
@drmcrngp


Nagp Div's 24x7 Crew Booking Lobbies at Nagp, Ballarshah & Amla ensure seamless train operations. Equipped with CMS, air-conditioned facilities & training tools, they support Loco Pilots with proper rest, safety checks &continuous learning, ensuring safe &efficient train journeys





Central Railway and Ministry of Railways

9:57 pm · 10 Aug 24 · **92** Views




# WAG-12B लोको संबन्धित निर्देश


- **WAG-12B लोको में किसी भी प्रकार का दोष आने पर उसे लोको लॉग बुक में दर्ज करना न भूलें।**
- **WAG-12B लोको में दोष निवारण हेतु यदि Help Line से सहायता लेनी पड़ी तो उसे भी लोको लॉग बुक में अवश्य दर्ज करें।**
- **यदि कंपनी प्रतिनिधि (ALSTOM) द्वारा सेक्शन में लोको को अटेंड / दुरस्त किया गया हो तो वह PRT Field Report** (Prompt Response Team) **फॉर्म पर आपका हस्ताक्षर माँगेगा तो आप निम्न समय चेक कर व सही पाये जाने पर ही हस्ताक्षर करें :**
  - ✓ **लोको पर कंपनी प्रतिनिधि के चढ़ने का समय।**
  - ✓ **लोको पर कंपनी प्रतिनिधि द्वारा लोको रेडी देने का समय।**






# WAG-12 लोको के अन्डरट्रक में लगे सैफ्टी फिटिंगस





[redacted]
Bogies Connection (Pivot)
Traction Bar



Bogie to Car Body Link Bolt
Car body Connection (Pivot)
Traction Bar Link Bolt
Elastic Articulatio n
Safety Sling



Wooden Cable Clit
Canon Box
Gear Case Oil-check point


Loco Brake Cylinder
Loco Brake Cylinder Pipe


Loco Brake Cylinder
Parking Brake Flexible Pipe
Loco Brake Cylinder Pipe
Parking Brake Cylinder


Equipped Rod
Wear Ring
Elastic Rings



Safety Nose
Motor Bogie Link



Wooden
Cable Clit
Air
Bellows
Gear
Case Top
Bolts
Canon Box
Canon Bolts
(12 Nos.)
Gear Case Bottom
Bolts (02 Nos.)
Gear Case Bolt
(11+2 Nos.)
GRAISSAGE FAIT
GREASING OK






FP
Draw Bar
BC EQ.
Pipe
BP
MR EQ.
Pipe



Safety Nose
Wear Ring
Elastic Ring
Motor Bogie Link
Elastic Ring



Draw Bar



Electrical Cable



Bogie Isolation COC
Parking Br. Isolation COC
Emergency Isolation COC (SIFA)
Solenoid Valve
Sanding Isolation coc
Panto Isolation coc
FP COC
Auto Drain Valve
Auxiliary Gauge


MR-F
16-CP
20-CP
ERCP
MR-F Cock
DER
PERCOS
BP-F
BPCP
KE-DV
BCCP


BC2 COC
BC1 COC
SOLENOID-30
PB COC
SIFA
MR INPUT COC
AUX RESERVOIR DRAIN COC
SIANDER COC
AUX. RESERVOIR SAFETY VALVE
AUX. RESERVOIR COC
FP/136 COC
MR AUTO DRAIN COC
RS PRESER GAUGE
DEAD ENGINE COC
PER COS
PB RESERVOIR DRAIN COC
PANTO RESERVOIR DRAIN COC


Panto 10 L Reservoir
Parking Brake 25 L Reservoir
MR2 (Brake) 75 L X 2 Reservoir


HVAC
Netbox Antenna
T2G Antenna
Machine Room Vent
Pantograph
Gangway & Bellow
Flasher Light
INDIAN RAILWAYS
60020
Coupler
Cattle Guard
Bogie
Battery Box
Transformer
Traction Bar
Shore Supply


17500mm
INDIAN RAILWAYS
60001
850mm
8500mm
850mm
Traction Rod
Flat Bogie
10200mm
19200mm
Goose Neck Bogie
Traction Rod

# केस स्टडी-15/2024

जारी तिथि : 29.07.24

MEMU

**घटनाक्रम:-** दिनांक 29.07.24 को नागपुर मंडल में ट्रेन क्रमांक:-01372 (डेक्कन रेक) लोड:- 8C, वर्धा स्टेशन पर स्टेबल थी I LPP द्वारा रेक पर DMC में पहूंच कर इनर्जाइज करने के लिए जब बैटरी ऑन करना चाहा तो दोनों DMC में से किसी में भी बैटरी स्विच "BD" नहीं दिखा SSE/C&W/BSL से संपर्क करके उनके दिशा निर्देशानुसार बैटरी ऑन किया व रेक इनर्जाइज किया। इसके कारण गाड़ी वर्धा स्टेशन पर 1 घंटा 5 मिनिट विलंबित हुई।




**संभावित कारण:-**

- LPP को डेक्कन रेक में "BD" स्विच की लोकेशन की जानकारी का न होना।
- रेक में स्विच लोकेशन भिन्न होने संबन्धित जानकारी के लिए कोई स्टेंसिल (स्टीकर) का लगा न होना।
- LPP द्वारा पॉवर कंट्रोलर/TLC को सूचित न करना।

**उपरोक्त विषय संबन्धित जानकारी:-**

- डेक्कन मेमू रेक देखने में वन्दे-भारत जैसा है , जिसमे कुछ उपकरण अंडरस्लंग में लगे है।
- इस रेक में BD स्विच TC-1 कोच के EWP (End Wall Panel) में लगा है , जिसका लॉक Panel Resetting Key से खोला जाता है।
- इस रेक में बैटरी बॉक्स-बैटरी चार्जर व मेन एयर कॉमप्रेसर TC-1 के अंडरस्लंग में लगे हैं।
- मेन एयर कॉमप्रेसर का स्विच, MPCB व कोंटेक्टर भी TC-1 कोच के EWP (End Wall Panel) में लगा है।
- LTC (लाइन ट्रैक्शन क्युबिकल), ACU (ऑकज्लरी कन्वर्टर यूनिट), ब्रेक चॉपर यूनिट, DMC भी अंडरस्लंग में लगे है।
- डेक्कन मेमू रेक में DMC के सभी चक्कों पर पार्किंग ब्रेक तथा मैन्युअल रिलीज़ हैंडल भी लगे है।












(निखिल सिंह)
वरि.म.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

# केस स्टडी-16/2024

जारी तिथि : 01.08.2024

C/Order

**घटनाक्रम:-** दिनांक 24.07.24 को ट्रेन क्रमांक 19302, लोड: 22 बोगी (LHB), लोको क्रमांक 30660, LGD के साथ आमला-इटारसी सेक्शन में कार्य करते समय सेक्शन आमला-बरसाली के बीच कर्मीदल को किलोमीटर 865/21-15 पर 30 Kmph का सतर्कता आदेश दिया गया था। कर्मीदल द्वारा गाड़ी संचालन के दौरान सतर्कता आदेश का पालन नहीं किया गया।

**संभावित कारण:-**

- कर्मीदल द्वारा सतर्कता आदेश (T- 409) को प्राप्त करने के उपरांत सतर्कता आदेश का ध्यानपूर्वक अवलोकन न करना।
- सहायक लोको पायलट द्वारा सतर्कता आदेश वाले सेक्शन में प्रवेश के पूर्व लोको पायलट को सूचित न करना।
- कर्मीदल द्वारा उपरोक्त सतर्कता संकेतक बोर्ड व 30 Kmph गति बोर्ड को देखने में विफल रहना।

**उपरोक्त घटना से सबक:-**

- ✓ कर्मीदल ऑन ड्यूटि करने के बाद सतर्कता आदेश को लॉबी से लेकर पूरा पढ़कर समझेगा तथा स्पीड पर △ का चिन्ह लगाकर लाल पेन से हाइलाइट करेगा। कोई संशय होने पर तुरंत लॉबी सुपरवाइजर को अवगत करायेगा तथा समाधान करेगा।
- ✓ लाइन पर सतर्कता आदेश में चिन्हित KM वाले सेक्शन में प्रवेश करने से पहले सहायक लोको पायलट सतर्कता आदेश कॉल आउट करके लोको पायलट को ध्यान दिलाएगा।
- ✓ सतर्कता आदेश से करीब 1 से 2 KM पहले (कॉशन बोर्ड से पहले) कॉशन के बारे में लोको पायलट / सहायक लोको पायलट आपस में ज़ोर से आवाज़ देकर सतर्कता आदेश में लिखे गति को कॉल आउट करेंगे।
- ✓ लोको पायलट ट्रेन को उचित दूरी से कंट्रोल करना प्रारंभ करेगा , यदि ऐसा न करने पर ALP बेहिचक RS वाल्व खोल देगा।
- ✓ सतर्कता KM △ निकलने के बाद सतर्कता आदेश पर सही (✓) का चिन्ह उस KM के सतर्कता आदेश पर अंकित करेंगे।

(निखिल सिंह)
वरि.म.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।

# केस स्टडी-17/2024

जारी तिथि : 05.08.2024

SPAD

**घटनाक्रम:-** दिनांक 02.08.24 को पुणे डिवीजन के DD-MMR सेक्शन में, ट्रेन नंबर 12627 एक्सप्रेस कार्य करते समय कर्मीदल ने विसापुर स्टेशन (VPR) का होम सिग्नल जो एक पीला था उसे 58 किमी प्रति घंटे की गति से पार किया व DN मेनलाइन स्टार्टर (S-3) को ऑन स्थिति में 57 किमी प्रति घंटे की गति से पार किया तत्पश्चात कर्मीदल ने आपातकालीन ब्रेक लगाकर गाड़ी को मेन लाइन स्टार्टर से 337 मीटर आगे व एडवांस स्टार्टर सिग्नल से 17 मीटर पहले रोका।

**संभावित कारण:-**

- लोको पायलट को होम सिग्नल एक पीला मिलने पर अगला सिग्नल लाल होगा, यह जानकार भी गाड़ी की **गति नियंत्रित न करना।**
- कर्मीदल द्वारा मेन लाइन स्टार्टर सिग्नल के **संकेत को देखने में विफल रहना।**
- होम सिग्नल एक पीला मिलने पर लोको पायलट द्वारा गाड़ी कंट्रोल न करने पर भी **सहायक लोको पायलट द्वारा RS न** खोलना।

**उपरोक्त घटना से सबक:-**

- ✓ लोको पायलट/ सहायक लोको पायलट स्टेशन/लाइन/सिग्नल नंबर के साथ **हाथ के इशारे से सिग्नल के संकेत को ज़ोर से पुकारें।**
- ✓ एक पीला सिग्नल मिलने पर **अगला सिग्नल लाल** ही होगा, यह मानकर गाड़ी को कंट्रोल करें।
- ✓ एक पीला सिग्नल मिलने के बाद, ALP **ने LP को बार बार याद दिलाना चाहिए कि आगे सिग्नल लाल** है।
- ✓ सिग्नल के संकेतो का कड़ाई से पालन करें व ट्रेन की **गति हमेशा सिग्नल के अनुसार नियंत्रण** में रखें।
- ✓ सिग्नल के संकेतों **का अनुमान/पूर्वानुमान न लगाएं।**
- ✓ ALP को LP की गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए व किसी भी खतरे की स्थिति को भांपते हुए तुरंत **RS वाल्व खोल** देना चाहिए।




(निखिल सिंह)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

# केस स्टडी-18/2024

जारी तिथि : 08.08.2024

**घटनाक्रम:-** दिनांक 01.08.2024 को ट्रेन क्र. 18519, सेक्शन: PA-LTT में कार्य करते समय लोनावला (LNM) स्टेशन के पास BP प्रेशर ड्रॉप हुआ, जिसकी वजह से ट्रेन खड़ी हो गई। निरीक्षणोपरांत पाया गया कि पिछले कैब में एक अनधिकृत व्यक्ति बैठा है और उसने BP प्रेशर ड्रॉप किया, जिस कारण ट्रेन सेक्शन में विलंबित हुई व परिणामत: अन्य गाडियाँ भी विलंब हुई। रेलवे सुरक्षा बल (RPF) ने अनधिकृत व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

**संभावित कारण:-**

- ❖ पुणे स्टेशन पर प्रस्थान से पहले या सेक्शन के किसी हॉल्ट स्टेशन पर अनधिकृत व्यक्ति का पिछले कैब में प्रवेश करना।
- ❖ सहायक लोको पायलट द्वारा पिछले कैब के दरवाजे को अंदर से बंद करके लेच (Latch) का न लगाना।
- ❖ कर्मीदल द्वारा सुनिश्चित न करना कि लोको के पिछले कैब में कोई अनधिकृत व्यक्ति तो नहीं है।

**संभावित स्थिति एवं सबक:-**

- ✓ अनधिकृत व्यक्ति, कर्मीदल को चोट पहुंचा सकता है।
- ✓ अनधिकृत व्यक्ति द्वारा ब्रेक या अन्य उपकरणों के छेड़-छाड़/ हस्तक्षेप करने से दुर्घटनाएँ भी हो सकती हैं।
- ✓ गाड़ी कार्य करते समय हमेशा पिछले कैब के दरवाजे/खिड़की को अंदर से बंद करके लेच (Latch)/लॉक लगाना न भूलें।
- ✓ सभी कर्मीदल को स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित हेतु नियमित पिछले कैब की जांच की जानी चाहिए।

**उपरोक्त कदमों को अपनाकर हम अनधिकृत प्रवेश को रोक सकते हैं और हम स्वयं का तथा यात्रियों का सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं।**

(निखिल सिंह)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

नोट: केस स्टडी केवल कर्मीदल को काउन्सलिंग देने के उद्देश्य से तैयार की गई है, इसे काउन्सलिंग के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए मान्य नहीं होगा।

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।